**Regarding restoration of concession in rail fare for senior citizens-Laid**

श्री संजय दिना पाटिल **(**मुंबई उत्तर-पूर्व**) :** 2020 में COVID-19 महामारी के दौरान भारतीय रेलवे ने वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली रियायतें बंद कर दी थीं, जो अब तक शुरू नहीं की गई हैं । इसका सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों पर पड़ा है, खासकर उन पर जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं या निम्न आय वर्ग से आते हैं । पहले वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे किराए में 40-50% तक की छूट मिलती थी । लेकिन अब उन्हें पूरा किराया देना पड़ रहा है, जिससे रेल यात्रा उनके लिए मुश्किल हो गई है । खासतौर पर वे बुजुर्ग जो सस्ती परिवहन सेवाओं पर निर्भर हैं, इससे ज्यादा प्रभावित हुए हैं । एक संसदीय समिति ने सुझाव दिया है कि Sleeper और 3AC श्रेणियों में वरिष्ठ नागरिकों को फिर से रियायत दी जाए, ताकि कमजोर वर्गों की मदद हो सके । मैं माननीय रेल मंत्री से निवेदन करता हूं कि इस सिफारिश पर अमल किया जाए और वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायतें बहाल की जाएं । इससे हमारे बुजुर्गों को राहत मिलेगी और उनकी यात्रा आसान और किफायती बन सकेगी ।